हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च 2026

06 अधिकांश मैरिज गार्डन बिना लायसेंस शुल्क जमा…



07 मढ़ई में स्थानीय सलाहकार समिति की …





### होटल, रेस्टोरेंट या ढाबा संचालक घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाया तो होगी एफआईआर

# होटल और ढाबों को नहीं मिलेंगे कमर्शियल सिलेंडर, कई ठेले वालों के रोजगार पर संकट

अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित होने का असर अब नर्मदापुरम में भी दिखने लगा है। जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई लगभग ठप है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण देश में एलपीजी गैस की आपूर्ति पर असर पड़ने लगा है, जिसका प्रभाव अब नर्मदापुरम में भी दिखाई देने लगा है। शहर में गैस की किल्लत गहराने से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई लगभग ठप हो गई है। इसके चलते होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और छोटे फूड स्टॉल संचालकों में चिंता का माहौल है।

प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार फिलहाल कमर्शियल उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे। उपलब्ध सीमित गैस को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों को पीएनजी कनेक्शन, इंडक्शन चूल्हा या अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। गैस संकट का सबसे ज्यादा असर छोटे दुकानदारों और सड़क किनारे ठेला लगाने वालों पर पड़ रहा है। शहर के नेहरू पार्क के पास स्थित चौपाटी क्षेत्र में करीब 25 से अधिक फूड स्टॉल संचालित होते हैं। गुरुवार को इनमें से कई ठेले गैस सिलेंडर खत्म होने के कारण बंद रहे। इधर कई परिवारों में शादी समारोह तय हैं और निमंत्रण पत्र भी बंट चुके हैं। ऐसे में भोजन व्यवस्था को लेकर आयोजकों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि बड़ी मात्रा में खाना बनाने के लिए कमर्शियल सिलेंडरों की आवश्यकता होती है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि गैस की उपलब्धता फिलहाल सीमित है, इसलिए घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जल्द ही आपूर्ति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं। गुरूवार को कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन पर जिले के सभी एसडीएम ने गैस की समस्या संबंधी बैठक आयोजित की। जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए कि कमर्शियल गैस की आपूर्ति बाधित होने के बहाने यदि कोई भी होटल, रेस्टोरेंट या ढाबा संचालक घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध तत्काल दंडात्मक कार्यवाही (एफआईआर) की जाएगी।

### दुकानदारों ने कहा- एजेंसी ने गैस देने से किया मना

नर्मदापुरम में नेहरू पार्क के पास लगने वाली अधिकांश चाट-फुल्की, मौसोस,चाऊमीन,पावभाजी,पीजा, बर्गर,सैंडविच आदि की दुकान लगाने वाले दुकानदार भी कर्मिशियल सिलेंडर नहीं मिलने से परेशानी का सामना कर रहे है। इसके अलावा कई बड़ी होटलों के संचालक भी कर्मिशयल सिलेंडर नहीं मिलने से परेशानी का सामना कर रहे है। यह हालात सिर्फ जिला मुख्यालय के नहीं बल्कि पूरे जिले में बने हुए है। नेहरू पार्क के पास चाट की दुकान लगाने वाले दुकानदार सुजीत चौरसिया ने बताया, होली और रंगपंचमी पर दुकान बंद थी, इसलिए सिलेंडर में गैस बची रह गई। अब दो-तीन दिन और सिलेंडर चलेगा उसके बाद क्या करेंगे पता नहीं। उन्होंने आगे बताया कि वे गैस लेने के लिए एजेंसी पर गए थे, लेकिन उन्होंने नया सिलेंडर देने से साफ मना कर दिया। छोले-चाट विक्रेता प्रमोद प्रजापति ने बताया, मेरे पास सिलेंडर खत्म हो गया। नया सिलेंडर भी नहीं मिल रहा है। इसलिए दुकान को बंद करना पड़ा। प्रमोद ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा, बीते 10 साल से दुकान चला रहा हूं लेकिन ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं देखी।

### घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार गुरुवार को अनुभाग स्तर पर शासन द्वारा जारी नए एलपीजी निर्देशों के पालन सुनिश्चित करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर, सिवनी मालवा में डॉ बबीता राठौर और नर्मदापुरम एसडीएम जय सोलंकी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट, जिला आपूर्ति अधिकारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सहित शहर की सभी गैस एजेंसियों के संचालक, प्रमुख होटल एवं रेस्टोरेंट मालिक तथा मैरिज हॉल संचालक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एसडीएम जय सोलंकी ने शासन के निर्देशों को स्पष्ट करते हुए गैस एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सख्त हिदायत दी। घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि कमर्शियल गैस की आपूर्ति बाधित होने के बहाने यदि कोई भी होटल, रेस्टोरेंट या ढाबा संचालक 'घरेलू (लाल) गैस सिलेंडर' का उपयोग करते हुए पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध तत्काल दंडात्मक कार्यवाही (एफआईआर) की जाएगी।

### निर्देशों की अवहेलना पर कार्रवाई

प्रशासन ने गैस एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि यदि उनके किसी हॉकर या वितरक की मिलीभगत से घरेलू सिलेंडरों का कमर्शियल डायवर्जन (कालाबाजारी) होते हुए पाया गया, तो संबंधित गैस एजेंसी का लाइसेंस तत्काल निरस्त करने का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जाएगा।


### घबराएं नहीं, सभी को मिलेगी गैस

एसडीएम जय सोलंकी ने शहर की आम जनता से विशेष अपील करते हुए कहा है कि गैस सप्लाई को लेकर बिल्कुल भी घबराहट न करें। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को उनके गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

# डिस्प्ले में रखे थे वन्यजीवों के अंग रिसोर्ट मैनेजर तथा नेचुरलिस्ट पर प्रकरण दर्ज

### आश्चर्यजनक लेकिन सत्य तथ्य कि वर्षों से नहीं हो सकी है क्षेत्र में रिसोर्ट्स की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बागड़ा बफर परिक्षेत्र के एक रिसोर्ट से गत दिनों रिजर्व दल के द्वारा वन्य जीवों के अवयव जप्त किये गए थे। मामले में वन विभाग ने रिसोर्ट के मैनेजर तथा नेचुरलिस्ट के विरुद्ध वन्यजीवों के अवयव के गलत उपयोग का प्रकरण दर्ज किया है।

मामले में पर्यावरण प्रेमियों ने एकमात्र सवाल रिजर्व प्रबंधन से किया है कि वर्षों से यह जांच लंबित क्यों थी? उल्लेखनीय है कि टूरिज्म बिज़नेस क्षेत्र में बड़े प्रभावी ग्रुप का रिसोर्ट फोरसिथ लॉज के नाम से बागड़ा बफर परिक्षेत्र में निर्मित है। एकड़ों क्षेत्र में फैले इस रिसोर्ट से मार्च माह के प्रथम सप्ताह में रिजर्व के जांच दल ने हिरण, सर्प तथा सेही वन्यजीवों के अवयव जप्त किये थे। कार्रवाई दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वयं ही आश्चर्य हुआ कि इतने लंबे समय से क्यों रिसोर्ट्स की जांच नहीं है, जहां डिस्प्ले में वन्यजीवों के अवयवों का प्रदर्शन हो रहा था।

वन विभाग अधिकारियों के अनुसार यह गतिविधि पर्यटकों को आकर्षित करने की है। जबकि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत किसी भी वन्यजीव के अंग अथवा अवयव का इस तरह प्रदर्शन प्रतिबंधित है।

#### बड़े प्रभावियों के ही रिसोर्ट्स

उल्लेखनीय है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के आसपास के रिसोर्ट्स में बड़े व्यवसायियों, राजनीतिक हस्तियों तथा हाई सोसाइटी लोगों का ही आना जाना होता है। यहां तक कि रिसोर्ट के निर्माता भी हाई सोसाइटी वाले लोग ही हैं। सामान्य लोगों का रिसोर्ट बनाना अथवा उसमें पर्यटकों की भांति पहुंचना संभव ही नहीं है। हजारों रुपए दैनिक किराए वाले ये रिसोर्ट आम आदमी की पहुंच में ही नहीं हैं।

#### मैनेजर तथा नेचुरलिस्ट पर प्रकरण

बागड़ा बफर जोन रेंजर विलास डोंगरे ने बताया कि फोरसिथ लॉज से वन्यजीवों के अवयव जप्त होने के बाद उक्त रिसोर्ट के मैनेजर एवं नेचुरलिस्ट के विरुद्ध संबंधित वन अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। डोंगरे ने बताया कि मैनेजर निपन महतो तथा नेचुरलिस्ट फेजान अंसारी के खिलाफ प्रकरण



रिसोर्ट में पाए गए वन्यप्राणी के अनाधिकृत अवयव, प्रकरण बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के वन परिक्षेत्र बागड़ा बफर अंतर्गत मढ़ई स्थित एक निजी रिसोर्ट की जांच के दौरान अमले को वन्य प्राणी के अनाधिकृत अवयव प्राप्त हुए हैं। मामले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा प्रकरण बनाया गया है। प्रकरण से संबंधित जानकारी हरिभूमि संवाददाता ने बुधवार शाम लगभग 8:30 बजे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष खोबरागड़े से प्राप्त की है। जिसमें खोबरागड़े ने बताया कि रिसोर्ट फोरसिथ की जांच की गई थी। जिसमें वन्यप्राणी चीतल के एन्टलर अर्थात सींग चार नग, सेही के कांटे चार नग एवं सर्प की कांचली दो नग अनाधिकृत रूप से बिना किसी स्वीकृति के डिस्प्ले में रखी हुई पाई गई। एसटीआर असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष खोबरागड़े के अनुसार यह कार्य वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। मामले में आशीष खोब्रागड़े के निर्देशन में उक्त वन्यप्राणियों के अवयवों को जप्तकर आपराधिक प्रकरण तैयार किया गया है। तथा मामले में विस्तृत जांच भी की जा रही है।

जांच जारी है

हमने फोरसिथ रिजॉर्ट से वन्य प्राणियों के अवयव प्राप्त किए थे। तथा प्रकरण बनाया है। मामले की जांच अभी भी जारी है।

आशीष खोबरागड़े, असिस्टेंट डायरेक्टर, एसटीआर, नर्मदापुरम

दर्ज किए गए हैं। क्योंकि पर्यटकों के लिए रिसोर्ट के डिस्प्ले में वन्यजीवों के अवयव रखने पर इसकी जिम्मेदारी भी इन्हीं लोगों को लेनी होगी और भोगनी भी होगी।

#### किया प्रकरण दर्ज

फोरसिथ लॉज व रिसोर्ट के मैनेजर तथा नेचुरलिस्ट को वन्यजीवों के अवयवों को नियमानुसार वन विभाग को सौंपना था। यह नहीं किया तथा अवयवों का डिस्प्ले किया। इसलिये प्रकरण दर्ज किया है।

विलास डोंगरे, रेंजर, बागड़ा बफर जोन, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम

# पूर्व छात्र बना सेना में लेफ्टिनेंट,बोला मैंने अपना लक्ष्य निर्धारित किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

समेरिटंस विद्यालय के विद्यार्थी सफलता के नित नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। वे अपनी दक्षता और योग्यता के दम पर हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के साथ ही देश और समाज की सेवा कर रहे हैं। समेरिटंस समूह की विशेष सफलताओं की कड़ी में हाल ही में एक चमकदार मोती और जुड़ गया है। विद्यालय के पूर्व छात्र क्षणिक रजक ने अपने परिश्रम के बल पर भारतीय सेना के डोगरा 1, के मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में लेफ्टिनेंट के पद पर ज्वाइन किया है। विद्यालय के इस होनहार पूर्व छात्र को गुरुवार को विद्यालय में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने इसे गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थी संहारक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं। प्राचार्य प्रेरणा रावत ने कहा कि जब हमारे बच्चे आगे बढ़ते हैं तो




प्रसन्नता व्यक्त करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं।

क्षणिक ने कहा कि मैंने 10 कक्षा से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया था। उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आप भी अपना लक्ष्य तय करें और परिश्रम में जीत जाएं। एक न एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में समन्वयक आरके सिंह, राजेंद्र रघुवंशी भी उपस्थित रहे।

# नेत्र शिविर में मिले मोतियाबिंद के मरीज, होगा निशुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटकुली में ग्लूकोमा सप्ताह के अंतर्गत वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत 14 मार्च तक मनाया जाता है। जागरूक करने के लिए प्रयास किए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भोपाल के निजी अस्पतालों के डाक्टरों ने हिस्सा लिया। मोतियाबिंद एवं काला मोतिया के मरीज को निशुल्क दवाइयां और आपरेशन के लिए ले जाया गया। सिविल अस्पताल पिपरिया के सहायक नेत्र चिकित्सक डॉ श्याम सुंदर सोडानी सहित अन्य सभी डॉक्टर्स उपस्थित रहे। जिन मरीजों को निशुल्क आपरेशन के लिए चिन्हित किया



गया है। उनके लिए निशुल्क दवाइयां काला चश्मा सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान सरपंच नेहा धुर्वे जनपद पंचायत सदस्य गीता उईके सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# गोविंद नगर कृषि मेले में मनोहर कृषि फार्म का स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

कृषि विज्ञान केंद्र गोविंद नगर में गत दिवस जिला स्तरीय कृषि मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मनोहर प्राकृतिक कृषि फार्म सोहागपुर की ओर से प्राकृतिक



उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। फार्म संचालक एवं मध्य प्रदेश के ख्यात प्राकृतिक खेती प्रशिक्षक सुभाष पटेल ने बताया कि प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पादों को किसानों एवं कृषि अधिकारियों के समक्ष प्रदर्शित किया गया। जिसमें प्राकृतिक खाद एवं तरीकों से उत्पादित कस्तूरी मेथी, हल्दी पाउडर, सहजन पाउडर, मूंग दाल, बासमती चावल प्रदर्शित किये गए। मेले में आए किसानों ने प्राकृतिक उत्पादों तथा देसी गौ आधारित खेती की जानकारी प्राप्त की और विशेष रुचि दिखाई।

### विवेक बने मप्र टेनिस क्रिकेट के संभाग अध्यक्ष



**नर्मदापुरम।** जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं खेल प्रेमी विवेक भदोरिया को मप्र टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत नर्मदापुरम संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से उनके साथियों, खेल प्रेमियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। विवेक भदोरिया लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। जिले के सबसे बड़े डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट फ्रेंड्स कप का सफल आयोजन किया है।

### सत्र शुरू होने में बचा कम समय, अब याद आई पुस्तक मेले की....

**नर्मदापुरम।** नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत नजदीक आने के बावजूद शिक्षा विभाग की तैयारियां अब तक अधूरी नजर आ रही हैं। सत्र शुरू होने से ठीक पहले जिला शिक्षा विभाग को पुस्तक मेला आयोजन की याद आई है और इसी सिलसिले में 14 मार्च को बैठक बुलाई गई है। जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण प्रजापति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम नगर के सभी पुस्तक विक्रेताओं तथा अशासकीय संस्थाओं के प्राचार्य-संचालकों की बैठक 14 मार्च को सुबह 11 बजे शासकीय एसएनजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, में आयोजित की जाएगी।बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पुस्तक मेला आयोजन पर चर्चा की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी निजी स्कूलों के प्राचार्य एवं संचालकों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्हें अपनी संस्था में संचालित होने वाली कक्षावार एवं विषयवार पुस्तकों की सूची लेकर आने को कहा गया है। हालांकि शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में इस तरह की बैठकें पहले हो जानी चाहिए थीं ताकि स्कूलों और अभिभावकों को समय पर पुस्तकें उपलब्ध हो सकें। अब अंतिम समय में बैठक बुलाए जाने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

# बोरवेल में गिरे बच्चे का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिला आपदा प्रबंधन द्वारा गुरूवार को बोरवेल में गिरे बच्चें का रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस क्विक रिपांस्स टीम द्वारा सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। करीब 60 फीट गहरे बोरवेल में खेलते समय एक छोटा बच्चा गिर गया था जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर उसको ऑक्सीजन उपलब्ध करवाई और कैमरे की सहायता से उसकी लेकोकेशन ट्रेस कर उसे बाहर निकाला। इस मौके पर एसडीएम बृजेश रावत, होमगार्ड कमाडेन्ट रामकुमार शर्मा, प्लाटून कमाडेन्ट अर्मता



दीक्षित,शिवराज चौधरी आदि मौके पर मौजूद रहे। एसडीएम ने इस अपने संबोधन में कहा कि खुले बोरवेल छोड़ना अपराध की श्रेणी में आता है।

### भारतीय संस्कृति की सुगंध से महका रंगोत्सव, राधा-कृष्ण नृत्य और मंगल गाओ ने जीता दिल

# रक्षासूत्र-गुलाल तिलक और फूलों की होली से सजी फागुनी शाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं, फागुनी उल्लास और आध्यात्मिक रंगों से सराबोर एक सुंदर रंगोत्सव का आयोजन किया गया। रक्षासूत्र बांधकर, गुलाल तिलक लगाकर और फूलों की होली खेलते हुए उपस्थित जनों ने प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। गीत, संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से सजा यह आयोजन फाग, बसंत और होली की जीवंत परंपराओं का सुंदर प्रतीक बन गया।

यह रंगोत्सव सोल फाउंडेशन भारत एवं साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो भारतीय परंपरा में ज्ञान, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है।

कार्यक्रम में सबसे पहले शिव शक्ति भजन मंडल ने अतर से भीगी होली के भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को




भक्तिमय बना दिया। इसके बाद ओपी शर्मा, आनंद नामदेव, आदित्य परसाई एवं उनके साथियों ने बुंदेली फाग गाकर लोक संस्कृति की मिठास बिखेरी।

सीहोर के चारु नृत्यभूमि कथक कला केंद्र की चारूलता चौरे एवं उनके समूह ने फागुन रास रंग की आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं त्रिदेवाशीष नृत्य एवं नाट्य अकादमी, लखनऊ की निर्देशक तनुजा ओली सनवाल एवं उनके समूह ने होली महारास नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों में राधा-कृष्ण की लीलाओं और भारतीय नृत्य परंपरा की सुंदर झलक दिखाई दी। इसके बाद रेखा दायमा ने होली नृत्य, धन्या दायमा और टिशु किरार ने राधा-कृष्ण नृत्य तथा प्रकृति दायमा ने मंगल गाओ नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। रंगोत्सव की अंतिम प्रस्तुति में उमरखेड़ी के राधा कृष्ण भजन मंडल के नवल सिंह पटेल एवं उनके समूह ने फाग लोकगीत, राई, बुंदेली होली और गारी गायन की प्रस्तुति दी, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया और दर्शक भी झूमने पर मजबूर हो गए।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य शुभम सिंह चौहान, गोपीकांत घोष, बलराम शर्मा, प्रमोद शर्मा, डॉ. मधुबाला वर्मा एवं सीताराम महाराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर रत्नेश साहू, संजय श्रोतिय, चैन सिंह मीना, प्रेम शंकर मांगरोल, मुकेश मालवीय, विमल सिंह राजपूत, असमादित्य तिवारी, अभिषेक अहिरवार, आकाश शिवहरे, नर्मदा प्रसाद हरयाले, अजय श्रोती आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने गैस सिलेंडर रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

माखन नगर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस के नेतृत्व पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव यशवंत राजपूत की उपस्थिति में गैस आपूर्ति एवं गैस के दाम काम करने को लेकर प्रदर्शन किया रैली निकालकर नारेबाजी की कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल ने कहा देश की संसद से



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गायब है और देश से गैस सिलेंडर गायब है हमारे देश के फैसले अमेरिका के राष्ट्रपति के निर्देश पर लिए जा रहे हैं। देश में महंगाई बढ़ती जा रही है पेट्रोल डीजल गैस के संकट का सामना करना पड़ रहा है। यशवंत राजपूत ने कहा रसिया और चीन में पेट्रोल गैस की कमी नहीं है भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में पेट्रोल डीजल गैस के लिए देशवासियों को परेशान होना पड़ रहा है एवं महंगाई की मार झेलना पड़ रहा है । रैली में हाथ ठेले पर गैस सिलेंडर रखे एवं प्रतीकात्मक चूल्हा बनाया जुलूस निकाला गया नसीराबाद रोड पर नुक्कड़ सभा हुई जहां वक्ताओं ने भाजपा सरकार की जमकर आलोचना की ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव मोनू नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर सेवा दल अध्यक्ष सुबोध दुबे, राजकुमार गुप्ता, गिरीश वर्मा, रमन शुक्ला, सुनील मोदी, राकेश दुबे, मोहन सोनी, नरेंद्र मालवीय,राम नारायण सिंह चाचौड़िया, सुमित जायसवाल, शैलेंद्र दुबे,अंकुर जैन, कार्तिकेय वर्मा, शेखर राजपूत, इरफान खान, बाबू खान,आमीन कुरैशी, हातिम खान, मुगीज खान, लीलाधर यादव, रीतेंद्र यादव, उत्कर्ष आचार्य,आशुतोष सक्सैना, राजकुमार मीणा, मिंटू तिवारी, वकील पटेल, राजेश चौहान,संजय दुबे, भूरा पटेल, मंटी जैन, कमलेश पांडे,सुदेश यादव, संतोष यादव, ब्रज भारती, बडगूजर मल्लू साहू, भवानी साहू ,शाहिद अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका में लोक अदालत 14 मार्च को

**सारनी।** नगर पालिका कार्यालय में शनिवार 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सुबह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि लोक आदालत में संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, विकास उपकर एवं जलकर के बकायदार चालू एवं बकाया टैक्स जमा कर सकते हैं। उन्हें नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

### मानसिक रूप से कमजोर युवक ने की आत्महत्या

**बैतूल।** पाढर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम घाना में गुरुवार सुबह एक 21 वर्षीय युवक ने खेत में बने कुएं में कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम घाना का रहने वाला 21 वर्षीय सुरेश पिता दिनेश कुमरे गुरुवार सुबह करीब 9 बजे अपने खेत की ओर गया था। इसी दौरान उसने खेत में बने कुएं में छलांग लगा दी। उस वक्त सुरेश का चचेरा भाई अनिल भी खेत में काम कर रहा था। कुएं से आवाज आने पर अनिल मौके पर पहुंचा और देखा कि सुरेश कुएं में गिर चुका है। सुरेश को बचाने के लिए अनिल ने अपनी कमर में रस्सी बांधी और वह भी कुएं में उतर गया। हालांकि, दोनों भाइयों को तैरना नहीं आता था। काफी मशक्कत के बाद अनिल किसी तरह कुएं से बाहर निकलने में सफल रहा और उसने तुरंत परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से सुरेश को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक पानी में डूबने से उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मौके पर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### आशा पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित



**बैतूल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल अक्षत जैन द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए दिए गए निर्देश के परिपालन में 09, 11 एवं 12 मार्च 2026 को एएनएमटीसी प्रशिक्षण केन्द्र टिकारी बैतूल में आशा पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमा? ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य आशाओं को उनके क्षेत्र में बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाना एवं आशा कार्यकर्ताओं का कौशल बढ़ाना है, जिससे समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके और एचबीएनसी/एचबीवायसी सेवाऐं ठीक तरह से प्रदान कर सकें। सीएमएचओ डॉ.हुरमा? ने बताया कि आशा कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक, एएनएम, सीएचओ के साथ मिलकर समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें, अपने निर्धारित दौरा अनुसार समस्त नवजात शिशु एवं धात्री माताओं को गृह भेंट के दौरान दिशा निर्देशानुसार स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान करें, माताओं को समझाइश देंवे।

### भाजपा ने सुश्री सुरभि खंडेलवाल के निधन पर जताया शोक

**बैतूल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल तथा आरडी पब्लिक स्कूल की संचालिका रितु खंडेलवाल की सुपुत्री सुरभि खंडेलवाल के असामयिक निधन पर जिला भाजपा परिवार ने शोक संवेदनाए व्यक्त की है। वहीं खंडेलवाल परिवार को दुख की इस घडी में ईश्वर से दिवंगत की शांति की कामना परमपिता परमेश्वर से करते हुए भावभींनी श्रृद्धांजलि अर्पित की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके, जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक महेन्द्रसिंह चौहान, चंद्रशेखर देशमुख, डा.योगेश पंडाग्रे, गंगा उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, समस्त जिपं सदस्य, जिले के सभी भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण आदि रहे मौजूद।

### नगरपालिका के रिकार्ड में सिर्फ 20 मैरिज गार्डन रजिस्टर्ड

# अधिकांश मैरिज गार्डन बिना लायसेंस शुल्क जमा किए हो रहे संचालित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

शहर में आधा सैकड़ों से अधिक मैरिज गार्डन संचालित हो रहे हैं। लेकिन नपा ने प्रशासन से उपविधियों का अनुमोदन कराने के बाद भी उन नियमों का पालन नहीं कराया, जिनका उल्लेख उसमें किया गया। सिर्फ नगरपालिका ने नोटिस दिए है। नोटिस में यह जानकारी दी गई है कि कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध होना अनिवार्य है। इनके अभाव में अनाधिकृत विवाह स्थल घोषित कर वैधानिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। जारी नोटिस में कहा गया है कि विवाह स्थल के पंजीयन एवं उपभोग के नियंत्रण के संबंध में आदर्श उपविधि 2020 प्रभावशील की गई है।

प्रावधानों के तहत निकाय से नियमानुसार विवाह स्थल का पंजीयन कराया जाकर समस्त शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। विवाह स्थल के पंजीयन एवं उपभोग अनुज्ञप्ति के लिए सभी शर्तों को पूरा कर आवेदन निकाय में प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं किए जाने पर विवाह स्थल को अनाधिकृत घोषित कर वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। बता दे कि नगरपालिका के रिकार्डो में मात्र 20 ही मैरिज गार्डन रजिस्टर्ड है, जो शहर में संचालित हो रहे है। इनमें भी कई मैरिज गार्डन ने पंजीयन का रिन्यूवल नहीं कराया है। वहीं कई मैरिज गार्डन का रिकार्ड तक नगरपालिका के पास उपलब्ध नहीं है और वे बेधडक संचालित हो रहें है। ऐसे मैरिज गार्डन संचालकों ने संपत्ति टैक्स तो दूर, लाइसेंस फीस तक जमा नहीं की है। जिससे नगर पालिका को राजस्व नुकसान हो रहा है। इसके बाद भी महज नोटिस की खानापूर्ति की गई है। जबकि संपत्तिकर के अलावा मैरिज गार्ड संचालकों को हर साल लाइसेंस फीस जमा करना होती है।

#### रोज वसूलते है लाखों रूपये किराया

सीजन में मैरिज गार्डन संचालक एक-एक दिन का लाखों रूपये किराया वसूल करते है। लेकिन सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकांश मैरिज गार्डन के पास कोई इंतजाम तक नहीं है। यहां तक कि इन मैरिज गार्डन में होने वाले आयोजनों के दौरान गाडियां भी सडक और सडक किनारे ही पार्क की जाती है। मैरिज गार्डनों के पास उचित पार्किंग व्यवस्था तक नहीं है। सुरक्षा को लेकर कई मैरिज गार्डन नियमों का पालन नहीं कर रहे। साथ ही कई गार्डनों के प्रवेश द्वार छोटे हैं। जिससे कभी भी हादसे का डर बना रहता है। शादियों का सीजन शुरू होने के कारण सडक़ किनारे बने गार्डनों की वजह से आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि गार्डन संचालकों ने पार्किंग के लिए कोई इंतजाम नहीं किए हैं।

#### ग्रामीण क्षेत्र में बिना लायसेंस फीस के संचालन

नगरपालिका क्षेत्र में कुछ गार्डन संचालकों ने लाइसेंस फीस जमा कर रखी है, लेकिन शहरी सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मैरिज गार्डन बिना नियम कायदे कानून के ही संचालित हो रहे हैं। नपा सूत्रों की माने तो ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले गार्डनों की जांच करने का काम जनपद के अंतर्गत आता हैं। लेकिन जनपद भी मैरिज गार्डन के संचालन को लेकर खास दिलचस्पी नहीं दिखाता है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों के मैरिज गार्डन बिना लाइसेंस फीस जमा किए ही संचालित हो रहे हैं। जिससे शासन को भी राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है।

#### गार्डन संचालन का यह है नियम

1. अग्निशमन उपकरण अनिवार्य।
2. मैरिज गार्ड का रजिस्ट्रेशन होना।
3. अस्पताल, शिक्षण संस्थान से दूरी 100 मीटर
4. मैरिज गार्डन में उचित पार्किंग की सुविधा।
5. सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होना चाहिए।
6. मैरिज गार्डन मार्ग 12 मीटर चौड़ा होना चाहिए।
7. रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं होना चाहिए।

#### सिर्फ नोटिस तक सीमित नपा की कार्रवाही

मैरिज गार्डन संचालकों पर कार्रवाही को लेकर नगरपालिका का रवैया उदासीन है। हालात यह है कि नगरपालिका मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस तो जरूर जारी करती है, लेकिन कार्रवाही नहीं करती है। यहीं वजह है कि मैरिज गार्डन को लेकर शासन से जो नई गाइड लाइन जारी हुई हैं, उसमें सभी मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी कर दिए हैं, लेकिन नोटिस जारी करने के बाद उक्त दिशा-निर्देशों का पालन करना नगरपालिका भूल गई है। नोटिस मिलने के बाद मैरिज गार्डन संचालकों ने भी कोई गंभीरता नहीं दिखाई और न ही मैरिज गार्डन में सुधार के लिए कोई बदलाव किए गए।

#### नोटिस जारी किए हैं

शहरी क्षेत्र में जो मैरिज गार्डन संचालित है, उन्हें नई गाइड लाइन का पालन करने के लिए कहा गया है। नए मैरिज गार्डन का सर्वे किया जा रहा है। जिन मैरिज गार्डन का पंजीयन नहीं है या उन्होंने शुल्क जमा नहीं किया है, ऐसे 15 से 20 मैरिज गार्डनों को नोटिस जारी किए गए हैं।

**नागेन्द्र वागदे,** सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

### जिले से 3989 विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा

## राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिड परीक्षा में छाए सदर स्कूल के विद्यार्थी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

शासकीय हाई स्कूल सदर बैतूल की छात्राएं एक्सीलेंस स्कूल औऱ राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिड परीक्षा में छाएं रहे। इस स्कूल के 16 विद्यार्थियों ने ना केवल सफलता हासिल की, बल्कि मेरिट सूची में स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से स्कूल स्टाफ बेहद खुश है।

उनका कहना है कि यह सफलता विद्यार्थियों के साथ स्कूल की भी है। इस परीक्षा से बच्चों औऱ अच्छी शिक्षा हासिल होगी और कई बच्चों को हजारों रुपए की स्कारशिप हासिल हो सकेगी। स्कूल की प्राचार्य इंद्रावती लिल्होरे ने बताया कि जिले भर से 3989 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। उत्कृष्ट विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा 2026 में स्कूल के 29 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया है। इसमें दुर्गा उइके 53वें, आदिका खड़ीपुरे 55वें ,स्नेहा पदाम 67वें स्थान पर संतोषी राठौर 14वे , संजना पदांम 5वें, मुस्कान मर्सकोले 23वें, पूनम उईके 25वें, हिमांशी कुमरे 26वें, मयूरी पदांम 52वे, आंचल कुमरे 77वें , प्रतिमा परते 93वें स्थान स्थान हासिल कर उत्कृष्ट चयन परीक्षा में चयनित हुई है।

इसी तरह राष्ट्रीय मींस का मेरिट चयन परीक्षा में 26 में से 5 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर मेरिट में स्थान बनाया। इसमें संतोषी राठौर 26 वें स्थान पर स्नेहा पदाम 88वें, अद्विका खादीपुरे 170 वें, हिमांशी कुमरे 173 वें और दुर्गा उइके 192वें स्थान पर आकर स्कूल को गौरान्वित किया है। प्राचार्य इंद्रावती लिल्होरे ने स्कूल के सभी शिक्षकों के अथक प्रयास की सराहना करते हुए छात्राओं को अच्छी शिक्षा हासिल कर परिवार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## विधायक ने आगजनी से खाक फसल का किया मुआयना



**बैतूल/आमला।** विगत दिनों ग्राम टूरा बोरगांव में एक किसान के खेत में आग लगने की घटना सामने आई थी। जिसमें किसान के खेत में खड़ी गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई थी। इस घटना की जानकारी लगते ही आमला विधायक टूरा बोरगांव पहुंचे और किसान से मुलाकात की। किसान से आगजनी और नुकसान के बारे में जानकारी ली। विधायक ने राजस्व अधिकारियों को नुकसान का आंकलन कर मुआवजा शीघ्र दिये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक के साथ भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

## संभागायुक्त ने जिला पंचायत बैतूल का किया निरीक्षण



**बैतूल।** संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को जिला पंचायत बैतूल का निरीक्षण कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रशासनिक कार्यों तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से ई-ऑफिस की संपूर्ण प्रक्रिया संचालित कराते हुए उनकी कार्यकुशलता एवं निपुणता परखी। ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने पत्रों के डिस्पैच के लिए केंद्रीकृत व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न शाखाओं से पत्र प्रेषित करने के बजाय एक समर्पित (डेडिकेटेड) शाखा से ही डिस्पैच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके पश्चात संभागायुक्त श्री तिवारी ने कैशबुक का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवंटन एवं व्यय की जानकारी ली। उन्होंने 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, आश्रय निधि, निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी, मध्यान्ह भोजन तथा एक बगिया मां के नाम सहित अन्य योजनाओं एवं मदों में प्राप्त वित्तीय आवंटन का प्रभावी एवं समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रगतिरत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया। उन्होंने जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं का भी निरीक्षण कर नॉमिनेशन, पीपीएफ सहित अन्य प्रविष्टियों का जायजा लिया तथा सेवा स्थापना संबंधी कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने टेबल निरीक्षण निर्धारित रोस्टर के साथ आकस्मिक रूप से भी करने और कमियां पाए जाने पर त्वरित सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### खंडेलवाल के निवास पहुंचे संभागायुक्त

## जल संसाधन मंत्री और पूर्व गृह मंत्री ने दी स्व. सुरभि को श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की बेटी सुरभि खंडेलवाल के निधन के बाद उनके गंज स्थित निवास चंद्रमौली पर नेताओं,जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

गुरुवार सुबह पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने खंडेलवाल निवास पहुंचकर दिवंगत सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की और हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद दोपहर में मंत्री तुलसी सिलावट भी गंज स्थित निवास चंद्रमौली पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत सुरभि को श्रद्धांजलि दी और खंडेलवाल परिवार से मुलाकात कर दुख प्रकट किया। वहीं संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी, आईजी मिथलेश कुमार शुक्ला, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल श्री हेमंत खंडेलवाल के निवास पहुंचकर उनकी सुपुत्री स्वर्गीय सुश्री सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान अधिकारियों ने विधायक श्री खंडेलवाल एवं उनके परिजनों से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर एसडीएम बैतूल डॉ. अभिजीत सिंह, एसडीओपी सुनील लाटा, तहसीलदार बैतूल श्रीमती पूनम साहू सहित अन्य अधिकारियों ने भी स्व.सुश्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दैवेभो को विनियमित करने की भी मांग

## नियमितिकरण को लेकर आयुक्त के साथ बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी**

नगर पालिका नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संगठन ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल के आयुक्त के साथ गुरूवार 12 मार्च को मुलाकात कर चर्चा की। चर्चा में उन्होंने कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को प्रमुखता से उठाया। बैठक अपर आयुक्त श्री कैलाश वानखेड़े सहित अन्य अपर आयुक्तों एवं सहायक संचालकों की उपस्थिति में सम्पन हुई।

नगरपालिका नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न निकायों से आए संगठन के पदाधिकारियों ने आयुक्त से मुलाकात की। सारनी से जिला महामंत्री के अलावा इकाई अध्यक्ष जी.एस. पांडे भी बैठक में शामिल रहे। प्रदेश की विभिन्न नगर पालिकाओं में कार्यरत नियमित कर्मचारियों की समस्या से आयुक्त को अवगत कराया गया। इसके अलावा विनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विनियमितिकरण पश्चात नियमित कारण की बात रखी गई। संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन तैयार कर आयुक्त से बिंदुवार चर्चा की। इसमें कर्मचारियों के हित में निर्णय लिए जाने की मांग की। विगत 10 से 20 वर्षों तक निकायों को सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर नियमित करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह सोलंकी ने कहा कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमित, विनियमित कर्मचारियों को नियमित करने से उनका और उनके परिवार का भविष्य सुधरेगा। उन्हें सम्मानजनक मानदेय मिलेगा। इससे वे अपना जीवन यापन कर सकेंगे। सारनी से भोपाल गए जिला महामंत्री एवं इकाई अध्यक्ष जीएस पांडे ने सारनी स्तर की समस्याएं भी आयुक्त के समक्ष रखी। बैठक में कर्मचारियों की कई महत्वपूर्ण मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिस पर सकारात्मक सहमति बनी। प्रमुख मांगों में 1 सितंबर 2016 तक के समस्त वर्गों के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का विनियमीकरण, विनियमित कर्मियों को नियमित करना, चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से घोषित कटौती , यांत्रिकी प्रकोष्ठ के रूप मे अघोषित कटौती बंद करने, तेहबाजारी पुनः प्रारंभ करना तथा चुंगी क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि करना शामिल है। इसके अलावा आउटसोर्स प्रथा समाप्त करने, समय पर वेतन , निकायों के सेटअप में तृतीय श्रेणी/चतुर्थ श्रेणी के अत्यावश्यक पदों को शामिल करने, फायर ब्रिगेड में कार्यरत फायरमैन को नियमित करने तथा मुद्रांक शुल्क की राशी पूर्व की भांति 3 त्न देने जैसे मुद्दों पर भी सहमति बनी। इस संबंध में आयुक्त ने कहा कि परामर्श समिति का संयुक्त रूप से गठन कर प्रतिमाह बैठक कर कर्मचारियों की समस्याओं को इसमें रखा जाएगा। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाएगा।



### बैतूल रेलवे स्टेशन पर कलेक्टर व एसपी ने किया श्रमिकों का आत्मीय स्वागत

# तमिलनाडु में बंधुआ बनाए गए 20 श्रमिकों का सफल रेस्क्यू

### प्रत्येक को मिलेगी 30-30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

तमिलनाडु के इरोड जिले में बंधुआ बनाकर रखे गए बैतूल जिले के 20 श्रमिकों को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, जिला प्रशासन तथा वनवासी कल्याण आश्रम के त्वरित एवं समन्वित प्रयासों से सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। सभी श्रमिकों के बैतूल रेलवे स्टेशन पहुंचने पर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के जिला अध्यक्ष महेश्वर भलावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, एसडीएम अभिजीत सिंह, जिला श्रम पदाधिकारी धम्मदीप भगत, थाना प्रभारी नीरज पाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



स्टेशन पर सभी श्रमिकों की पहचान सुनिश्चित की गई। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने श्रमिकों से आत्मीय चर्चा करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा उनके सुरक्षित गृह पहुंचने की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए राजस्व, पुलिस और श्रम विभाग निरंतर उनके संपर्क में रहेंगे। साथ ही श्रम पदाधिकारी को निर्देशित किया कि श्रमिकों से संपर्क बनाए रखते हुए आर्थिक सहायता स्वीकृति हेतु आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाएं। रेलवे स्टेशन से सभी श्रमिकों को उनके गृह ग्राम तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई तथा भोजन की भी व्यवस्था की गई। सुरक्षित वापसी पर श्रमिकों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला श्रम पदाधिकारी धम्मदीप भगत ने बताया कि उक्त श्रमिक काम करने के लिए तमिलनाडु के इरोड जिले गए थे, जहां होली पर्व पर अवकाश मांगने पर उन्हें छुट्टी नहीं दी गई और बंधुआ बनाकर कार्य कराया जा रहा था। मामले की जानकारी राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य प्रकाश ऊईके माध्यम से मिलते ही बैतूल जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए श्रम, पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त समन्वय से इरोड जिला प्रशासन से संपर्क स्थापित किया और सभी श्रमिकों को मुक्त कराया।

रेस्क्यू किए गए प्रत्येक श्रमिक को शासन द्वारा 30-30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाएगी, जिससे वे अपने जीवन को पुनः व्यवस्थित कर सकें। जिला प्रशासन द्वारा उनके पुनर्वास एवं आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने की भी बात कही गई है। उन्होंने बताया कि कुल 24 श्रमिकों में से 4 हरदा जिले तथा 20 बैतूल जिले के निवासी हैं। बैतूल के सभी श्रमिक भीमपुर ब्लॉक के काबरा, बोरकुंड, बीरपुरा और बासिंदा ग्राम के रहने वाले हैं। हरदा जिले के चार श्रमिकों को सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था की गई। उक्त कार्य में समाजसेवी प्रवीण ढोलके ओर विक्रांत कुमरे ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

### जिला सैनिक बोर्ड की वार्षिक बैठक आज

**बैतूल।** अपर कलेक्टर वंदना जाट की अध्यक्षता में 13 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सैनिक बोर्ड बैतूल की वार्षिक बैठक प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी। कैप्टन आईएन सुमीत सिंह से.नि.जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि यह बैठक पूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों तथा आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

**CHANGE OF NAME**

I KIRAN Legally Wedded Spouse of No.- 13962633-M, Rank- EX HAV, Name- SUKHDEO PANSE resident of Vill.- Kolgoan, Post- Kolgoan, Teh.- Betul, Distt.- Betul (MP) Pin- 460002 have changed my name from **KIRAN to KIRAN PANSE** vide affidavit 12/03/2026 before attested 1'st class Magistrate Betul, Distt.- Betul (MP)

## खबर संक्षेप

### ग्राम सिंहपुर में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन हुआ



**माखननगर ।** माखन नगर परियोजना माखन नगर के ग्राम पंचायत माना गांव के ग्राम सिंहपुर में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया कार्यक्रम में पर्यवेक्षक कृष्णा तिवारी ने गीत एवं कविता के माध्यम से बच्चों को साफ सफाई के बारे में विस्तार से समझाया गया। स्वच्छता कार्यक्रम में ग्राम की महिलाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मौजूद रही।

### 20 मार्च को होगा श्री श्याम संकीर्तन आयोजन

**सोहागपुर।** हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर सोहागपुर में 20 मार्च को श्री श्याम संकीर्तन आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सीताराम गौ रक्षा समिति सोहागपुर की ओर से किया जाएगा। आयोजक समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री श्याम संकीर्तन के इस आयोजन में मुरैना से रजत शर्मा, जबलपुर से यशी चौरसिया तथा उज्जैन से भास्कर पुरोहित श्री श्याम के कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की पर्यटन रणनीति की समीक्षा की गई

# मढ़ई में स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक में रणनीति पर मंथन किया

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व मढ़ई में स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक कमिश्नर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें पर्यटन गतिविधयों व पर्यावरण संरक्षण तथा स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार पर चर्चा की गई।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व मढ़ई में स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों, पर्यावरण संरक्षण तथा स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार के अवसरों को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वन्यप्राणी गलियारों के महत्व एवं पारिस्थितिकी सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की सीमा के निकट भवन एवं अन्य अधोसंरचनाओं के निर्माण के लिए आवश्यक मापदंड निर्धारित किए जाने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति व्यक्त की गई। साथ ही संरक्षित क्षेत्र की सीमा के निकट पर्यटन सुविधाओं के पर्यावरण के अनुकूल विस्तार, पर्यटन से रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या तथा इसके संभावित दुष्प्रभावों के न्यूनीकरण एवं पुनर्संयोजन के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि पचमढ़ी, मढ़ई सहित संभाग के अन्य संरक्षित क्षेत्रों में सिंगल यूज पॉलिथीन के उपयोग पर प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों को प्लास्टिक बोतलों तथा सिंगल यूज पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाना आवश्यक है। इसके लिए होटल संचालकों, टैक्सी एसोसिएशन एवं अन्य संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित कर जनजागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने कलेक्टरों को भी इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**बैठक में सहमति बनी**

बैठक में यह भी सहमति बनी कि होटल, लॉज एवं टूर संचालकों की गतिविधियों का नियमित अनुश्रवण किया जाए ताकि पर्यटकों के भ्रमण से वन्यप्राणियों को किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। साथ ही स्थानीय समुदाय के सदस्यों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से पर्यावरण के अनुकूल और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने पर भी मंथन किया गया। बैठक में टाइगर रिजर्व तथा आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए स्थानीय प्रशासन और राज्य शासन को उपयुक्त प्रस्ताव भेजे जाने पर भी विचार किया गया।

# 1 से सिवनी मालवा, 5 से इटारसी व 8 अप्रैल से सोहागपुर के लिए नहरों से पानी छोड़ेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में मंगलवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन, उप संचालक कृषि डॉ रविकांत सिंह एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसी के साथ अन्य जनप्रतिनिधि तथा किसान संघ के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में तवा नहर संभाग सिवनी मालवा के लिए 01 अप्रैल 2026 से, तवा परियोजना संभाग इटारसी से 5 अप्रैल 2026 तथा पिपरिया शाखा नहर संभाग सोहागपुर से 8 अप्रैल 2026 से जल प्रवाह शुरू करने के लिए तिथियां प्रस्तावित की गई।

इस दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने समिति के सदस्यों को अवगत कराया कि नहर खोलने की अंतिम तिथि का निर्णय संभागीय बैठक उपरांत संभागायुक्त नर्मदापुरम संभाग श्री कृष्ण गोपाल तिवारी द्वारा लिया जाएगा, जिस पर समिति के सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

इस दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री (ईई) ने तवा जलाशय की वर्तमान जल संग्रहण स्थिति 348.47 मी पर 873 एमसीएम होने की जानकारी दी।

# अनाज की कलाकृतियों से छलका जलीय जीवों का दर्द, शांति की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नर्मदापुरम जिले के ग्राम सुपरली के एक कलाकार ने अनाज के माध्यम से विश्व शांति का अनूठा संदेश दिया है। खाड़ी युद्ध की विभीषिका और उससे होने वाले विनाश को लेकर कलाकार ने न केवल अनाज से कलाकृतियां उकेरी हैं, बल्कि जलीय जीवों के दर्द को भी अपनी कला के माध्यम से व्यक्त किया है ।भौगोलिक संदर्भ

कलाकार योगेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने अनाज का उपयोग करके खाड़ी युद्ध में शामिल विभिन्न राष्ट्रों के प्रमुखों के चित्र बनाए हैं । इनमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, इजराइल के प्रधानमंत्री, और ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामनेई सहित कुवैत, बहरीन, यमन, फिलिस्तीन और यूएई के प्रिंस के फोटो शामिल हैं। इन कलाकृतियों के माध्यम से यह दर्शाया है कि युद्ध के कारण विश्व में अनाज का गंभीर संकट उत्पन्न होगा, अतः मानवता और अनाज के अस्तित्व को बचाने के लिए युद्ध को तुरंत रोका जाना चाहिए ।

युद्ध का प्रभाव केवल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि



बेजुबान जलीय जीवों पर भी पड़ रहा है । कलाकार ने अनाज से एक 'डालफिन मछली' की आकृति बनाई है,

# मध्यस्थ जागरूकता शिविर का आयोजन सभा कक्ष में आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम के आदेश अनुसार क्षेत्र में लगातार विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस अध्यक्ष तथा प्रभारी अधिकारी तेजदीप सिंह शासन तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर जिला नर्मदापुरम के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गुरुवार 12 मार्च बजे मध्यस्थ जागरूकता शिविर का आयोजन अधिवक्ता संघ की सभा कक्ष में आयोजित किया गया। शिविर में अध्यक्ष प्रभारी अधिकारी तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट, अधिवक्ता, पक्षकार तथा न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित हुए। न्यायाधीश ने अपेक्षा की है कि जल्द होने जा रही नेशनल लोक अदालत में मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों के निपटारे में सहयोग प्रदान करें।

# मार्च में जलसंकट की आहट, तीन वार्डों में टैंकरों से पानी सप्लाई किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर में मार्च का पहला पखवाड़ा अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन इटारसी में भीषण गर्मी की आहट ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी है। शहर के वार्ड 17, 33 और 34 में जल संकट इतना गहरा गया है कि नगर पालिका को टैंकरों के जरिए वैकल्पिक जलापूर्ति करनी पड़ रही है।

बीते तीन दिनों से शहर में तवा जल प्रदाय योजना की सप्लाई बाधित है। धोखेड़ा पंपसेट के पास स्थित ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी ने पूरी व्यवस्था को ठप कर दिया है। नगर पालिका जल शाखा प्रभारी सहायक इंजीनियर आदित्य पांडे ने बताया कि ट्रांसफार्मर सुधार का कार्य अंतिम चरण में है। आज शाम तक कार्य पूरा होने के बाद संभवतः शुक्रवार से धोखेड़ा पाइपलाइन से तवा के पानी की सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी।

नगर पालिका द्वारा वर्तमान में दो टैंकरों के जरिए शहर के इन हिस्सों में जलापूर्ति की जा रही है। वार्ड 16-17 सोनासांवरी नाका और बैंक कॉलोनी क्षेत्र के अलावा वार्ड 33-34 के नरेंद्र नगर, वेंकटेश नगर और जमानी ग्राम पहुंच मार्ग। वार्ड 17 के पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक साहू ने बताया कि जनता को राहत देने के लिए प्रतिदिन टैंकरों के कई फेरे लगवाए जा रहे हैं, क्योंकि नलों में पानी का दबाव बेहद कम है।

वार्ड 16 के पार्षद अमित कापरे ने नपा अधिकारियों के कार्य रवैये पर कड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी की शुरुआत में ही ऐसे हालात बनना प्रबंधन की बड़ी विफलता है। कापरे ने चेतावनी दी है कि यदि अप्रैल, मई और जून के लिए अभी से वाटर एक्शन प्लान तैयार नहीं किया, तो आगामी महीनों में स्थिति बेकाबू हो जाएगी।

### बड़ी चुनौती : अगले 3 महीने रहेंगे भारी

विशेषज्ञों और स्थानीय जानकारों का मानना है कि इस बार गर्मी के तेवर तीखे रहने वाले हैं। ऐसे में पाइपलाइन में तकनीकी सुधार के साथ-साथ नगर पालिका को टैंकरों की संख्या बढ़ाने और नए जल स्त्रोतों पर विचार करना होगा। फिलहाल, पूरे शहर की उम्मीदें शुक्रवार को बहाल होने वाली सप्लाई पर टिकी हैं।

# डिजिटल युग में एमजीएम में साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान, सुरक्षित इंटरनेट ही सुरक्षित भविष्य की कुंजी, महिलाओं पर केंद्रित रहा व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के त्रैमासिक कैलेंडर के परिपालन में साइबर सुरक्षा : डिजिटल युग में सुरक्षा और नीति विषय पर एक विशेष व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन, प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. राजदीप भदौरिया, शासकीय विधि महाविद्यालय, नर्मदापुरम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रश्मि तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा केवल एक तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हमारी डिजिटल जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि




सतर्कता ही समाज को साइबर अपराधों से बचाने का एकमात्र मार्ग है।

विधि विशेषज्ञ डॉ. राजदीप सिंह भदौरिया ने पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर चुनौतियों से अवगत कराया, विशेष रूप से महिलाओं के लिए साइबर सुरक्षा और जागरूकता पर केंद्रित चर्चा की। डॉ. भदौरिया ने डिजिटल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट, डिजिटल अरेस्ट, पासवर्ड सुरक्षा और एथिकल हैकिंग जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आईटी एक्ट की व्याख्या करते हुए विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के व्यावहारिक गुर सिखाए। डॉ. राकेश मेहता ने कंप्यूटर सिस्टम और नेटवर्क को अनधिकृत पहुंच से बचाने के महत्व को समझाया। उन्होंने आगाह किया कि हैकर्स व्यक्तिगत जानकारी और बैंक विवरण चुराने के लिए नित नई तकनीकें अपना रहे हैं। डॉ. नीरज जैन ने कहा कि जैसे-जैसे तकनीक विकसित हो रही है, वैसे ही अपराध भी बढ़ रहे हैं। विद्यार्थियों को संदिग्ध लिंक और नकली वेबसाइटों से सावधान रहने की आवश्यकता है। संचालन और आभार प्रदर्शन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सह-संयोजक डॉ. व्हीके कृष्णा ने किया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. ओपी शर्मा, डॉ. सुसन मनोहर, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. पीके अग्रवाल सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## झंडा दिवस निधि में दान करने की शासकीय सेवकों और नागरिकों से अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए, दिव्यांग हुए सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जाते हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस पुनीत कार्य के लिए जिले के सभी अधिकारियों एवं नागरिकों से झंडा दिवस निधि में अधिक से अधिक दान करने की अपील की है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि भारतीय सेना के तीनों अंग देश की रक्षा के लिए सदैव सजग रहते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ देश की आंतरिक सुरक्षा एवं प्राकृतिक आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा में भी सेना का बहुत बड़ा योगदान है। कर्तव्य-पालन में हमारे अनेक सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए हैं। उनके बलिदान एवं योगदान के लिए राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। झंडा दिवस पर सशस्त्र सेनाओं के आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान के जरिए उनके प्रति कृतज्ञता और एकजुटता प्रदर्शित करने का एक उत्तम अवसर है। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि इस राशि का उपयोग शहीद सैनिकों की विधवाओं, दिव्यांग हुए सैनिकों एवं अन्य भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिये किया जाता है। पूरा देश झण्डा दिवस पर अपना अनुदान देकर सेना के प्रति अपनी एकता की भावना को व्यक्त करता है, जिससे सैनिक भी आश्वस्त होते हैं कि संपूर्ण देश उनके परिवार की सहायता के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिवस पर हमारे देश के सैनिकों और देशवासियों के मध्य जो एक अपनेपन और विश्वास का रिश्ता है वो सुदृढ़ और आत्मीय होता है।

# गणगौर उत्सव का आगाज पहले दिन गणगौर की पूजा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में शीतला सप्तमी में ज्वारे बोए जाते हैं परंपरा अनुसार बोए जवारो का समापन तीज पर यानी गणगौर पर होता है। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा गणगौर का उत्सव धूम धाम से मनाया जाता है। ढोल बाजे के साथ महिलाएँ रोज़ गणगौर निकलती हैं। गणगौर माता कि विधि-विधान से से पूजा कर उनको ज्वारे अर्पित करती हैं। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा पारम्परिक गीत गाए जाते हैं और सर्व समाज की की महिलाएँ सुख संमृद्धि की कामना करती हैं। महिलाओं द्वारा गणगौर रोज़ बगीचों में ले जाई जाती जाती है। जिसमें सर्व समाज माहेश्वरी सोनी ब्राह्मण अग्रवाल सभी समाज की महिलाएँ जाती है आज गणगौर मालती अग्रवाल द्वारा गुप्तेश्वर मंदिर पर बुलायी गई द्वितीय दिवस मानक बाग जाएगी। सचिव मोहिनी अग्रवाल ने बताया कि 10 दिवसीय गणगौर उत्सव धूमधाम से मनायी जाएगा। जिसमे अध्यक्ष रुकमणी रोहिला और प्रेमलता रूठिया संध्या मोदी, ज्योति मोदी, हेमा अग्रवाल, तारा अग्रवाल, मीना अग्रवाल मंजू भारतीय उषा अग्रवाल सभी ने महिलाओं से आने की कामना की है।

### चतुर्थ दिवस, पंडित रामलाल शर्मा स्मृति समारोह 2026

# विभीषण शरणागति की यात्रा ही जीव की यात्रा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

ंडित रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के चौथे दिन व्यासगादी से विभीषण शरणागति केंद्रित आध्यात्मिक सभा को संबोधित करते हुए भागलपुर बिहार से आई मानस कोकिला कृष्णा देवी मिश्र ने कहा कि सत्संग के यह क्षण अत्यंत दुर्लभ हैं। जो केवल भगवान की कृपा से ही मिलते हैं। आपने भगवान और भक्त की मंगलमय मिलन की कथा जो विभीषण जी की श्री राम से मिलने की यात्रा है, का शुभारंभ करते हुए कहा कि विनय पत्रिका में जीव की जीवन यात्रा का वर्णन किया गया है। और विभीषण जी की तुलना जीव से की गई है। यहां रावण मोह और कुंभकरण अहंकार का प्रतीक है। आपने श्रीमद् भागवत में भगवान शंकर द्वारा मां पार्वती को कथा सुना ने के प्रसंग का सविस्तार वर्णन किया और बताया कि शुकदेव जी ने भी इस अमर कथा को सुना। विभीषण जी के पास माला, मंदिर, भक्ति सब कुछ था किंतु भरोसा नहीं था ।फिर हनुमान जी के आने




से भरोसा आ जाता है। इसी भरोसे के सहारे हुए वे रावण की सभा से अपमानित होकर जब चलने लगते हैं तब भी वह रावण के हित और कल्याण की बात करते हैं। किंतु रावण जैसे ही उनको लात मार कर भगाता है वैसे ही वह अभागा हो जाता है ।स्वयं भगवान शंकर कहते हैं कि साधु का अपमान करने से संपूर्ण कल्याण की हानि होती है। यहां विभीषण जी अत्यंत खुश होकर मन में अनेक कल्पनाएं करते हुए श्री रघुनाथ जी के पास जाने की यात्रा प्रारंभ करते हैं वे सोचने लगते हैं मैं जाकर भगवान के कोमल और लाल वर्ण के सुंदर चरण कमल का दर्शन करूंगा, जो सेवकों को सुख देने वाले हैं, जिन चरणों का स्पर्श पाकर ऋषि पत्नी अहिल्या तर गई और जो दंडक वन को पवित्र करने वाले हैं, जिन चरणों को जानकी जी ने हृदय में धारण कर रखा है जो कपट मृग के पीछे दौड़े थे और जो चरण कमल साक्षात शंकर जी के हृदय में विराजते हैं वह चरण मैं स्वयं देखूंगा। आपने कहा कि नारद भक्ति सूत्र के अनुसार भक्ति के सारे लक्षण मारीच में विद्यमान है ।कार्यक्रम के प्रारंभ में मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीता शरण जी शर्मा के साथ अरुण शर्मा , पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह राजपूत , एस पी एम के मुख्य महाप्रबंधक व्यंकटेश शर्मा , अधिवक्ता मनोज चौरे , मुकेश श्रीवास्तव , ने श्रीमती कृष्णा देवी का पुष्प हार से स्वागत किया। भजन अंजलि के अंतर्गत कुमारी सुरभि वशिष्ठ द्वारा भजन की प्रस्तुति की गई, हारमोनियम पर राम परसाईं, तबले पर सक्षम पाठक एवं गिटार पर यश मालवीय द्वारा सहयोग किया गया। कार्यक्रम का समापन कृष्णा देवी के सुप्रसिद्ध शयन पद नैनों में नींद भर आई से हुआ।

## खबर संक्षेप

### आईबीआर अचीवर में दर्ज हुए डॉ शिरीष अग्रवाल

**हरदा।** शहर के अधिवक्ता एवं कर सलाहकार डॉ. शिरीष अग्रवाल को प्रतिष्ठित इंडिया बुक रिकॉर्ड द्वारा आईबीआर अचीवर की उपाधि दी गई। यह उपलब्धि उन्हें विधि और वाणिज्य के क्षेत्र में प्राप्त विविध शैक्षणिक एवं पेशेवर योग्यताओं के लिए मिली है। इंडिया बुक रिकार्ड की ओर से जारी आधिकारिक सूचना में बताया गया है कि डॉ. अग्रवाल के दावे का संपादकीय बोर्ड द्वारा सत्यापन करने के बाद उसे श्रेणी में अंतिम रूप दिया गया। संस्था के अनुसार केवल श्रेष्ठ और प्रमाणित उपलब्धियों को ही इस श्रेणी में स्थान दिया जाता है। रिकॉर्ड के अनुसार डॉ. शिरीष अग्रवाल ने वर्ष 2008 से 2024 के बीच विधि और वाणिज्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक योग्यताएँ प्राप्त की हैं। इनमें एलएल.बी., एलएल.एम. तथा पीएच.डी., बी कॉम और एम कॉम भी शामिल हैं। इन उपलब्धियों के आधार पर उन्हें खिताब दिया गया। इस उपलब्धि पर शहर के अधिवक्ताओं, कर सलाहकारों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. अग्रवाल को बधाई देते हुए इसे हरदा के लिए गौरव का विषय बताया है।

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज

**हरदा।** जिले की अचल सम्पत्तियों के वर्ष 2026-27 के लिये अनंतिम बाजार मूल्य निर्धारण के लिये कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 13 मार्च को आयोजित की गई है। जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्यांकन समिति हरदा ने बताया कि यह बैठक दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### युवा संगम में 60 युवाओं का प्राथमिक चयन

**हरदा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय आई टी आई हरदा में गुरूवार को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेंले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि मेले में 5 कंपनियों ने भाग लेकर कुल 60 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया। मेले में कुल 105 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया। युवा संगम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 33 युवक युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### अवकाश में खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**हरदा।** आम जनता को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने और सरकारी राजस्व को ध्यान में रखते हुए, मध्य प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मार्च 2026 के महीने में शनिवार व रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। जिले के सभी उप पंजीयक कार्यालयों को अवकाश दिवसों में कार्यालयीन समयावधि में खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### पानी के टैकरों में डीजल पंप लगाएं, चालू रखें

**हरदा।** ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अग्नि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध पानी के टैंकरों में डीजल पम्प लगाकर उनकों छोटे अग्निशमन वाहन के रूप में उपयोग करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी वाहनों पर टैंकर एवं उनमें लगे पम्प चालू हालत में रहें। अग्नि दुर्घटनाओं पर काबू के लिये डीजल पम्प में प्रेशर नोजल का इस्तेमाल किया जाए।

### नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को लगेगी

**सीहोर।** आगामी 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने हेतु अदालत में समझौता करें।

## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

# मूंग की सिंचाई के लिए नहरों में 20 से पानी छोड़ा जाना प्रस्तावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें किसानों ने ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल के लिए 20 मार्च से तवा डैम से सिंचाई का पानी छोड़ने की मांग की। किसानों का लक्ष्य है कि 23 मार्च तक हरदा जिले के किसानों को पानी उपलब्ध हो सके। जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री सोनम बाजपेई ने बताया कि इस वर्ष सिंचाई विभाग ने मूंग की फसल की सिंचाई के लिए 38460 हेक्टेयर क्षेत्र में पानी उपलब्ध कराने की योजना तैयार की है। इसके तहत हरदा डिवीजन के 111 और टिमरनी डिवीजन के 56 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। हरदा डिवीजन में 19135 हेक्टेयर और टिमरनी डिवीजन में 19325 हेक्टेयर में सिंचाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पिछले वर्षों में ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल के लिए तवा डैम से पानी छोड़े जाने से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। बैठक में किसानों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। ग्राम पलासनेर के किसानों ने बताया कि उन्हें आज तक मूंग की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाया है। ग्राम देवास के कृषक राहुल पटेल ने कहा कि कमांड एरिया में होने के बावजूद पानी नहीं पहुंच पाता, जिससे उन्हें नुकसान होता है। ग्राम भुन्नास के किसान सत्यनारायण सिरोही ने नहर की सफाई न होने पर चिंता जताई, जिससे पानी मिलने में परेशानी हो सकती है।

विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने सुझाव दिया कि नहर के पानी को रोकने के लिए बनाए जाने वाले हेडप की समस्या के समाधान के लिए स्थानीय किसानों की एक समिति बनाई जाए। इसमें नहर विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया जाए, ताकि सभी को समय पर पानी मिल सके। उन्होंने हरदा को उसके हिस्से का पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की भी मांग की। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि एचबीसी में पांचवें और एलबीसी में सातवें दिन ओसरा बंदी (पानी की बारी) लागू की जाएगी।

भारतीय किसान संघ ने मांग की है, कि ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए 20 मार्च 2026 को तवा डेम से पानी छोड़ते हुए 22 मार्च को हरदा जिले के मुख्य जल वितरण 3008 पर मांग अनुसार पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए। जिले को ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए सतत 2200 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराया जाए। सुश्री वाजपेयी ने बताया कि इस वर्ष मूंग की फसल की सिंचाई के लिए जल संसाधन संभाग हरदा में 19135 हेक्टेयर एवं हंडिया शाखा नहर संभाग टिमरनी में 19325 हेक्टेयर कुल 38460 हेक्टेयर में पानी उपलब्ध कराये जाने की योजना तैयार की गई है, जिसमें हरदा डिविजन के 111 एवं टिमरनी डिवीजन के 56 गांवो के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिले के ग्राम नकवाड़ा एवं गहाल के बीच निर्माणाधीन माचक उपनहर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि नहर निर्माण में गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए।



## पुलिस की सख्ती

# तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्रवाई, सिस्टम वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में लाउडस्पीकर एवं डीजे के नियंत्रण तथा नियमों के विरुद्ध उपयोग पर रोक लगाने हेतु पूर्व में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। साथ ही वर्तमान में बच्चों की परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं, जिसके दृष्टिगत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को थाना सिविल लाइन हरदा पुलिस ने भ्रमण के दौरान सांई मंदिर के पास एक वाहन में लगे डीजे सिस्टम को अत्यधिक तेज ध्वनि में बजाते हुए पाया, जिससे क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण हो रहा था। मौके पर ध्वनि इतनी तेज थी कि आपसी बातचीत भी सुनाई नहीं दे रही थी तथा आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। मौके पर डीजे ऑपरेटर से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पूनम गौर पिता श्रीराम गौर, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 07 टिमरनी बताया तथा डीजे संचालन संबंधी कोई वैधानिक अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से दो एम्पलीफायर, दो बेस, दो कॉलम, एक डीजे मिक्सर तथा टाटा 407 वाहन क्रमांक एमपी 06 ई 2933 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 223 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 7/15 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए वाहन क्रमांक एमपीजीए 3441 में लगे डीजे सिस्टम को जप्त कर आरोपी अजय पिता सीताराम तथा वाहन क्रमांक एमपी 13 ई 0702 में लगे डीजे सिस्टम को जप्त कर आरोपी संतोष के विरुद्ध धारा 223 भारतीय न्याय संहिता एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 7/15 के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### शिकायत करें

जिला प्रशासन ने आमजन से अपेक्षा की है कि वे नियम विरूद्ध डीजे बजाने वाले अथवा ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरूद्ध संबंधित थाना प्रभारी अथवा तहसीलदार को शिकायत करें ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही की जा सके।

# ग्राम भंवरदी माल में महिला कृषक संगोष्ठी में महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आगा खान एनजीओ के साथ मिलकर गुरूवार को तहसील खिरकिया के ग्राम भंवरदी माल में कृषक महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में लगभग 250 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने अपनी भागीदारी की।

इस दौरान कृषक महिलाओं को स्वरोजगार के लिये प्रेरित करने हेतु घरेलू स्तर पर तैयार की जाने वाली विभिन्न सामग्री जैसे हवन कंडा, गुलकंद, गेहूं से बायोडिग्रेडेबल स्ट्रॉ, लू हेतु स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री से तैयार उत्पाद आदि के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष रानू पटेल उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में शिवनारायण गुर्जर, महिला एवं बाल विकास विभाग से सरिता सरयम, जनपद सदस्य तेजल ऊईके, सरपंच रामकली बाई, सहायक प्रबंधक आजीविका किशन पवार, पशुपालन विभाग से राहुल, उद्यानिकी विभाग से सुरेश बुंदेला, नीलेश पटेल पी एस ए के आर एस पीआई, एकेआरएसपीआई खंडवा से नीलेश पटेल व अंबुज, एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया उपस्थित थे। इस दौरान पशु सखियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनी लगाई । कार्यक्रम के दौरान कृषक महिलाओं ने आदिवासी नृत्य एवं आदिवासी परंपरागत ज्ञान से परिचित कराया।

# नरवाई जलाने वालों पर सैटेलाइट से निगरानी होगी

## जिला स्तरीय समिति ने किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




ग्रीष्मकाल के दौरान खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के दृष्टिगत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में संबंधित विभागीय अधिकारी एवं किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी ने एक मत से नरवाई नहीं जलाने की किसानों से अपील की। इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि जिले में नरवाई जलाने पर पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। यदि किसी खेत में नरवाई में आग लगाई जाती है तो जिला प्रशासन को उसकी तुरन्त सेटेलाइट इमेज प्राप्त हो जाएगी और ऐसे किसान पर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाएगी। साथ ही अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक, सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, वनमण्डलाधिकारी ज्योति मुड़यिा, किसान संघ के अध्यक्ष महेश शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कृषक मौजूद थे।

बैठक में बताया गया कि ऊपरी परत से ही पौधों के लिए अत्यावश्यक पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं किंतु आग के संपर्क में आने से जलकर नष्ट हो जाते हैं। इससे भूमि कठोर होती है, एवं भूमि में जलधारण क्षमता काम हो जाती है, जिससे फसले जल्दी सूखती है, वातावरण के तापक्रम में वृद्धि होती है, धरती गर्म होती है एवं कार्बन नाइट्रोजन अनुपात में संतुलन बिगड़ जाता है, केंचुए कम हो जाते हैं, जिससे भूमि में वायु संचार में कमी आती है। किसानों को सलाह दी गई है कि नरवाई समाप्त करने के लिये विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र जैसे कंबाइन हार्वेस्टर, भूसा बनाने की मशीन, रोटावेटर से जुताई अथवा पटा चला कर कल्टीवेटर से जुताई, हैप्पी सीडर तथा जीरो टिलेज से खड़ी नरवाई में गेहूं, मूंग और उड़द जैसी फसलें लगाई जा सकती है। इसके साथ ही बेस्ट डीकंपोजर का उपयोग कर नरवाई को भूमि में जैविक खाद में बदला जा सकता है। नरवाई समाप्त करने हेतु मदर कलचर की और जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केंद्र हरदा से संपर्क किया जा सकता है।

## चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय मार्ग का मामला

# सघन वनक्षेत्र में चलित क्रशर व मशीनों ने डेरा डाला, डीएफओ ने कहा- नहीं दी मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या (खरगोन)

बहुप्रतीक्षित चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय मार्ग (एनएच-347 सी) के तीसरे चरण की निविदा-स्वीकृति के करीब दो वर्षों बाद भी कार्य ने गति नहीं पकड़ी है और ग्रामीणों में असंतोष है। इस दौरान सीमावर्ती महाराष्ट्र के गाड़गियाआम घाट-सेक्शन के सघन वनक्षेत्र में चलित क्रशर और अन्य मशीनों ने डेरा डाल दिया है,जिससे सड़क निर्माण में तेजी के आसार हैं। लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, इंदौर ने एम.एस खुराना इंजीनियरिंग लिमिटेड अहमदाबाद की करीब दो वर्ष पूर्व निविदा स्वीकृत की थी। फलस्वरूप सरवर देवला (बिस्टान) से 55.80 किमी (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र सीमा पाल) तक मार्ग चौड़ीकरण और उन्नयन-कार्य निर्माणाधीन है। लेकिन वन विभाग द्वारा वन भूमि का हस्तांतरण और वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी के बावजूद भी निर्माण-कार्यों में अपेक्षित तेजी नहीं आई है।

जबकि एक वर्ष पूर्व दामखेड़ा में केम्प स्थापित कर दिया गया था। इस प्रतिनिधि ने वन ग्राम चिरीया बायपास से सीमावर्ती अंतिम गांव छेंडिया अंजन और पाल सीमा तक निर्माणाधीन कार्यों को देखा। सम्पूर्ण सड़क-निर्माण और मांडवा भट्टी बायपास की अधिकांश वन भूमि आर.ओ.डब्ल्यू. (राइट आफ वे) का सीमांकन किया जा चुका है। जिसमें मशीनों एवं डंपरों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए पहुंच-मार्ग निर्माण जारी है। जिसमें वनग्राम तितरान्या विद्धुत ग्रीड के सामने समतलीकरण और कहीं-कहीं हाईवे की पटरी भी शामिल है। गाड़गियाआम घाट-सेक्शन के समीप अस्थायी केम्प में चलित काटेज,क्राउलर-मशीन,एक चार पहिया वाहन और साथ बिहार के श्रमिक मौजूद थे। जबकि घाट-सेक्शन में ही सड़क के लिए अधिग्रहित वन भूमि में करीब एक-डेढ़ सप्ताह से चलित क्रशर मशीन मौजूद है। तितरान्या रेंज के इस घाट सेक्शन और अन्य पहाड़ी वन क्षेत्रों में अपार भूमिगत पक्के पत्थर अधिक हैं और वहां खनन की संभावनाएं मौजूद है।

### वन्य-प्राणियों का बसेरा

इस पहाड़ी वनांचल में बाघ,तेंदुए और राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित विभिन्न प्रजातियों के वन्य प्राणियों का बसेरा है। जबकि सीमावर्ती महाराष्ट्र में यावल अभ्यारण (रावेर) स्थित है और वहां के वन्य प्राणी भी मध्यप्रदेश के सतपुड़ा-पर्वतांचल की मैकल श्रेणियों में विचरण करते हैं। जिससे उनके प्राकृतिक-आवासों और रहन-सहन पर प्रतिकूल असर होगा। उल्लेखनीय है कि तितरान्या रेंज में 37 एवं चिरीया रेंज में 17 वनग्राम हैं और मध्यप्रदेश सरकार ने पेसा एक्ट लागू किया है। इसलिए पर्वतांचल के सघन वनों और अभ्यारण के समीप चलित क्रशर मशीन की अनुमति कैसे होगी? इसका जबाब किसी के पास नहीं है। गौरतलब है कि वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अंतर्गत चलित क्रशर मशीन की अनुमति के लिए भारत सरकार और सर्वोच्च न्यायालय ने कड़े प्रावधान किये हैं। जिनके परिपालन एवं विशेष परिस्थितियों में ही वन विभाग, पर्यावरण मंत्रालय और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सख्त निगरानी में सशर्त-अनुमति संभव है।

### इनका कहना है...

हमने क्राउलर मशीन से ब्लास्टिंग करने के लिए जिला प्रशासन से अनुमति मांगी है। जबकि चलित क्रशर मशीन की अनुमति की प्रक्रिया जारी है और जैसे-जैसे अनुमति मिलेगी,वैसे ही कार्य में प्रगति होगी।

**एचबी दास**, एम.एस खुराना इंजीनियरिंग लिमिटेड, अहमदाबाद,केम्प दामखेड़ा (झिरन्या)

राष्ट्रीय मार्ग निर्माण से सम्बंधित सभी अनुमतियां सरकार द्वारा जारी होती है। चलित क्रशर मशीन को लेकर वन विभाग ने किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी है।

**रमेश राठौर**,वन मंडलाधिकारी,खरगोन

### अवैध कब्जा करने वाले का 15 दिन का जेल वारंट जारी

**हरदा।** जिले में अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को अनुविभागीय अधिकारी हरदा अशोक कुमार डेहरिया ने अवैध कब्जा करने के आरोप में मोहम्मद सिराज पिता ताज मोहम्मद, निवासी जत्रापड़ाव को 15 दिवस का जेल वारंट जारी कर जेल भेजा है। एसडीएम डेहरिया ने बताया कि रहटाखुर्द निवासी कृष्णाबाई की 1.210 हेक्टेयर निजी भूमि पर आरोपी मोहम्मद सिराज अवैध रूप से कब्जा कर फसल का लाभ ले रहा था। यह भूमि आवेदिका के परिवार की जीविका का एकमात्र साधन है। प्रशासन द्वारा कब्जा छोड़ने का नोटिस देने के बावजूद जब आरोपी ने भूमि खाली नहीं की, तो उसे 15 दिनों के लिए जेल वारंट जारी कर जेल भेज दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि 15 दिनों के भीतर आरोपी स्वयं अवैध कब्जा नहीं हटाता है, तो नियमानुसार उसे पुनः तीन माह की अवधि के लिए जेल भेजा जाएगा।

# जिले में खड़ा स्थापना के साथ गणगौर उत्सव शुरू



**हरदा।** जिले के भुआणा क्षेत्र में गुरुवार को खड़ा स्थापना के साथ गणगौर उत्सव की शुरुआत हो गई है। चैत्र माह में बड़े पैमाने पर मनाया जाने वाला यह उत्सव अगले नौ दिनों तक क्षेत्र के कई गांवों में धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्सव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और आयोजक परिवारों में भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला मुख्यालय हरदा के अलावा बालागांव, टिमरनी, रन्हाई, बाजनिया, सोडलपुर, नोसर, चारखेड़ा, उड़ा और अन्य गांवों में भी गणगौर उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

गांवों में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ भव्य पंडाल तैयार किए गए हैं, जहां रोजाना रात में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नौ दिवसीय इस उत्सव में हर दिन विशेष साज-सज्जा के साथ पंडालों में कार्यक्रम होंगे, जिनमें पुरुष मंडलियों द्वारा गीत, झालरे और स्वांग जैसे पारंपरिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु पहुंचते हैं। ग्राम बालागांव में गौर परिवार के निवास पर खड़ा रखा कर नौ दिवसीय गणगौर उत्सव का शुभारंभ किया गया। जिसमें गणगोर मैया को 9 दिन पावनी बुलाकर 9 दिन तक रात्रि में आसपास के मंडलों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें आसपास के सभी ग्रामीण पधार कर आकर्षक प्रस्तुति का आनंद लेंगे। प्रथम दिवस खड़ा रखा कर ग्राम में भ्रमण कर गांव के मोहल्ले एवं चौराहों पर महिलाएं एवं ग्रामीणों द्वारा झालरे दिए गए जिसमें सभी ग्रामीणों ने मिलकर भाग लिया।

# आदिनाथ स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



दिगंबर जैन समाज ने गुरुवार को प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान श्री 1008 आदिनाथ स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया। इस अवसर पर विश्व कल्याण की भावना के साथ स्थानीय श्री दिगंबर जैन मंदिर खेड़ीपुरा में भगवान का 108 कलशों से अभिषेक किया गया। कार्यक्रम के तहत चौंसठ ऋद्धि सिद्धि दीपकों के साथ भक्तामर महामंडल विधान की पूजा-अर्चना की गई। इसके अतिरिक्त, अखंड भक्तामर पाठ का भी आयोजन किया गया। समाज के सचिव राहुल जैन ने बताया कि आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक पर 24 घंटे अखंड भक्तामर पाठ आयोजित किया गया था। प्रातः काल में श्रीजी का अभिषेक और शांतिधारा की गई, जिसके बाद भक्तामर मंडल विधान की पूजा संपन्न हुई। अखंड भक्तामर मंडल विधान के पुण्यार्जक सरोज बड़जात्या परिवार था। प्रथम कलश का सौभाग्य पवित्र और प्रतीक बड़जात्या परिवार को मिला, जबकि प्रथम शांतिधारा अंकित पवन सिंघई परिवार द्वारा की गई। रजत कलश का सौभाग्य संजय कठनेरा, अभिषेक बड़जात्या, महेंद्र पाटनी और आलोक बड़जात्या को प्राप्त हुआ। सुबह प्रतीक और पवित्र अनिल बड़जात्या द्वारा प्रभावना वितरण किया गया। शांतिधारा, अभिषेक और भक्तामर मंडल विधान जैन समाज के पुजारी मनोज जैन द्वारा संपन्न करवाए गए। जैन समाज हरदा के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन और कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि जैन धर्म अनादि अनंत है। वर्तमान शासन नायक भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी से पूर्व तेईस तीर्थंकर हुए हैं, जिनमें भगवान श्री 1008 आदिनाथ स्वामी प्रथम तीर्थंकर हैं। भगवान आदिनाथ स्वामी ने सृष्टि को असि, मसि, कृषि, विद्या, शिल्प और वाणिज्य का ज्ञान प्रदान किया और जैन सिद्धांतों को प्राणी जगत में प्रतिपादित किया। संध्याकालीन कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए महिला परिषद अध्यक्ष रेखा अजमेरा ने कहा, मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया।